बिहार सरकार
योजना एवं विकास विभाग
(बिहार मौसम सेवा केन्द्र)

संकल्प

विषय : बिहार मौसम सेवा केन्द्र में मल्टी हजार्ड अर्ली वार्निंग सिस्टम (**Multi Hazard Early Warning System**) को सक्षम एवं सुदृढ़ बनाने हेतु हाई परफोर्मेंस कम्प्यूटेशन फैसिलिटी (**High Performance Computation Facility**) का निर्माण (5 वर्षों के अनुरक्षण सहित) करने हेतु ₹ 35.35 करोड़ मात्र (तकनीकी समीक्षा शुल्क सहित) पर कार्य कराने एवं ₹ 35.35 करोड़ (पैंतीस करोड़ पैंतीस लाख रूपये) मात्र की व्यय की स्वीकृति के संबंध में।

1. पृष्ठभूमि :– योजना एवं विकास विभाग के संकल्प संख्या–896 दिनांक 02.09.2020 के आलोक में बिहार में सम्भावित आपदाओं यथा–अतिवृष्टि, सुखाड़, लू, शीतलहर, कोहरा, वज्रपात, आँधी आदि के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने एवं इससे बचने हेतु पूर्व चेतावनी/पूर्वानुमान आमजनों को ससमय उपलब्ध कराये जाने हेतु बिहार मौसम सेवा केन्द्र का गठन किया गया है।

2. बिहार मौसम सेवा केन्द्र द्वारा ए० आई० एम० एल० बेस्ड वेदर रिसर्च फोरकास्ट मॉडल (AI-ML Based Weather Research Forecast Model) को विकसित किया जा रहा है। उक्त मॉडल के माध्यम से मौसम के विपरीत परिस्थितियों का क्षेत्रवार पूर्व चेतावनी तथा पंचायत स्तर का आगामी 5 से 10 दिनों का मौसम पूर्वानुमान प्रत्येक दिन विकसित किया जा सकेगा।

3. इसके लिए उत्कृष्ट प्राद्यौगिकी सहित हाई परफोर्मेंस कम्प्यूटेशन फैसिलिटी (High Performance Computation Facility) के निर्माण किया जाना है।

4. बिहार मौसम सेवा केन्द्र द्वारा परियोजना प्रस्ताव स्पेस एप्लीकेशन सेंटर, इसरो (Space Applications Centre, ISRO) अहमदाबाद के वैज्ञानिकों के सहयोग से तैयार किया गया है, जिसका तकनीकी मूल्यांकन नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, पटना (National Institute of Technology, Patna) तथा इसका तकनीकी अनुमोदन बी०एस०ई०बी०सी०एल० (बेल्ट्रॉन), पटना द्वारा किया गया है।

5. विषयांकित स्कीम का कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण बिहार मौसम सेवा केन्द्र (BMSK) के माध्यम से किया जायेगा।

6. स्कीम का कार्यान्वयन सम्पूर्ण बिहार में किया जाना है एवं विषयांकित कार्य माह–जुलाई 2025 तक पूर्ण किया जाना है।

7. हाई परफोर्मेंस कम्प्यूटेशन फैसिलिटी (HPC) के माध्यम से प्राप्त अतिवृष्टि, लू, शीत लहर, कोहरा आदि का पूर्वानुमान एवं चेतावनी को **"मौसम बिहार"** मोबाईल ऐप, 24X7 हेल्प डेस्क (Help Desk)- **"मेघा मित्र"**, जी०आई०एस०–इनेबल्ड डायनेमिक वेदर डेसबोर्ड (GIS-Enabled Dynamic Weather Dashboard) एवं

अन्य माध्यम से आगमी 5 से 10 दिनों का पूर्वानुमान राज्य के आमजनों को प्रत्येक दिन उपलब्ध करायी जा सकेगी।

8. साथ ही हाई परफोर्मेंस कम्प्यूटेशन फैसिलिटी (HPC) के माध्यम से मौसम संबंधी प्राप्त सूचनायें राज्य सरकार के अन्य संबंधित विभागों यथा–आपदा प्रबंधन, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, कृषि, जल संसाधन, परिवहन, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन, गृह, ऊर्जा, पर्यटन आदि विभागों तथा जिला/प्रखंड/पंचायत स्तरीय कार्यालयों को भी उपलब्ध करायी जायेगी ताकि उनके द्वारा सम्भवनीय क्षति को कम करने हेतु अपने क्षेत्र में ससमय आवश्यक कदम उठाये जा सकें।

9. विषयांकित कार्य विभाग स्तर से निष्पादित किया जाना हैं। उक्त स्थिति में बेल्ट्रॉन द्वारा उपलब्ध कराये गये ₹ 35.00 करोड रूपये के प्राक्कलन के अतिरिक्त बेल्ट्रॉन को परियोजना लागत का 1% तकनीकी समीक्षा शुल्क के रूप में उपलब्ध कराया जाना हैं। इस प्रकार बेल्ट्रॉन को 1% तकनीकी समीक्षा शुल्क राशि ₹ 0.35 करोड रूपये सहित कुल परियोजना लागत ₹ 35.35 करोड़ रूपये का व्यय किया जाना है।

10. विपत्र कोड–35–3455000010001 अंतर्गत विषय शीर्ष–31–05 परिसम्मपत्तियों के निर्माण मद में राशि ₹ 1185.00 लाख (ग्यारह करोड़ पच्चासी लाख) मात्र का बजट उपबंध है। अवशेष राशि अगामी वित्तीय वर्ष 2025–26 की बजट से व्यय की जायेगी।

11. वर्णित परिपेक्ष्य में बिहार मौसम सेवा केन्द्र में मल्टी हजार्ड अर्ली वार्निंग सिस्टम (Multi Hazard Early Warning System) को सक्षम एवं सुदृढ़ बनाने हेतु हाई परफोर्मेंस कम्प्यूटेशन फैसिलिटी (High Performance Computation Facility) का निर्माण (5 वर्षों के अनुरक्षण सहित) करने हेतु ₹ 35.35 करोड़ मात्र (तकनीकी समीक्षा शुल्क सहित) पर कार्य कराने एवं ₹ 35.35 करोड़ (पैंतीस करोड़ पैंतीस लाख रूपये) मात्र की व्यय की स्वीकृति दी जाती है।

12. विषयांकित योजना दिनांक 18.03.2025 को लोक वित्त समिति द्वारा अनुशंसित तथा दिनांक 19.03.2025 को मंत्रिपरिषद् की बैठक में मद सं0–38 के रूप में स्वीकृत है।

**आदेशः**– आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित किया जाय एवं इसकी प्रतिलिपि सरकार के सभी विभागों एवं महालेखाकार, बिहार, पटना को सूचनार्थ भेजी जाय।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

(रंजीत कुमार)

अपर सचिव

ज्ञापांक : BMSK/28/2024 240 /पटना, दिनांक : 25/03/25

प्रतिलिपि : महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25/3/25

अपर सचिव

ज्ञापांक : BMSK/28/2024 240 /पटना, दिनांक : 25/03/25

प्रतिलिपि : अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार सरकार को सूचनार्थ प्रेषित।

25/3/25

अपर सचिव

ज्ञापांक : BMSK/28/2024 240 /पटना, दिनांक : 25/03/25

प्रतिलिपि : प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

25/3/25

अपर सचिव

ज्ञापांक : BMSK/28/2024 240 /पटना, दिनांक : 25/03/25

प्रतिलिपि : मुख्य सचिव, बिहार के विशेष कार्य पदाधिकारी/विकास आयुक्त, बिहार के विशेष कार्य पदाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।

25/3/25

अपर सचिव

ज्ञापांक : BMSK/28/2024 240 /पटना, दिनांक : 25/03/25

प्रतिलिपि : माननीय मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, बिहार के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

25/3/25

अपर सचिव

ज्ञापांक : BMSK/28/2024 240 /पटना, दिनांक : 25/03/25

प्रतिलिपि : प्रभारी पदाधिकारी, ई–गजट प्रशाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को ई–गजट में प्रकाशनार्थ सी०डी० एवं दो हार्ड कॉपी के साथ प्रेषित। अनुरोध है कि इसकी 50 (पच्चास) प्रतियाँ विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

25/3/25

अपर सचिव

ज्ञापांक : BMSK/28/2024 240 /पटना, दिनांक : 25/03/25

प्रतिलिपि : आई०टी० मैनेजर, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

25/3/25

अपर सचिव